# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कृषि क्षेत्र के कायाकल्प के लिये विश्व बैंक के सहयोग से शुरू होगी चार हजार करोड़ रूपये की यूपी एग्रीस परियोजना। पूर्वी उत्तर प्रदेश के इक्कीस और बुन्देलखण्ड के सात जिलों में होगा परियोजना का संचालन।
- देवीपाटन मण्डल के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा। कहा– बाढ़ राहत के कार्यों में नहीं होनी चाहिए कोई लापरवाही। आज अयोध्या दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री।
- पेरिस ओलम्पिक में आज पदक पक्का करने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम। सेमीफाइनल में जर्मनी से होगा मुकाबला।
- प्रदेश में फिर बढ़ने लगा कई नदियों का जलस्तर। पूर्वी हिस्से में बादलों ने डाला डेरा। आज और कल मध्यम से तेज बारिश का पूर्वानुमान।

**********

कृषि क्षेत्र के काया कल्प के लिए प्रदेश सरकार कृषि विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता सुदृणीकरण कार्यक्रम–यूपी एग्रीस की शुरूआत करने जा रही है। इस योजना के तहत फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ कृषि आधारित नये कलस्टरों का विकास और निर्यात बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। मूंगफली, मिर्च और हरी मटर जैसी फसलों के क्राप कलस्टर भी विकसित किये जाएगें। विश्व बैंक की सहायता से शुरू हो रही करीब चार हजार करोड़ रूपये की यह परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के इक्कीस और बुंदेलखण्ड के सात जिलों में संचालित की जाएगी। इसे लेकर कल लखनऊ में विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ हुई एक बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है जहां कुल उपलब्ध भूमि के छिहत्तर प्रतिशत हिस्से पर खेती की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नियोजित प्रयासों से फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी बुंदेलखण्ड, पूर्वांचल और विन्ध्य क्षेत्र में बहुत कुछ किय जाने की आवश्यकता है। बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यूपी एग्रीस परियोजना का सीधा लाभ किसानों, मत्स्य पालकों और कृषि क्षेत्र से जुड़ी एमएसएमई ईकायों को होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोण्डा जिले में बैठक कर देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि बाढ़ राहत सामग्री वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही, बाढ़ पीड़ितों को पर्याप्त राहत सामग्री उपलब्ध करायी जानी चाहिए। उन्होंने बाढ़ से खराब हुयी फसलों का जल्द सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने की हिदायत अधिकारियों को दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वनटांगिया गांव को राजस्व गांव घोषित करते हुए सभी ग्रामवासियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने के लिये भी निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण करने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिये हर स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि मण्डल में कहीं भी अवैध खनन न होने पाय। उन्होंने मण्डल में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने और जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिये। गोण्डा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन के दौरे पर आज अयोध्या पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री आज अयोध्या में हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला का दर्शन–पूजन करने के बाद आयुक्त सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा को लेकर अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। जबकि कल वह ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र दास महाराज की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अम्बेडकरनगर के लिये रवाना हो जायेंगे।

**********

दिल्ली में आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि कोचिंग सेंटर डेथ चैम्बर बन गये हैं और छात्रों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। कोर्ट ने इस सम्बन्ध में केन्द्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर बीस सितम्बर तक जवाब मांगा है।

**********

प्रदेश सरकार के निर्देश पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, शोध और प्रशिक्षण संस्थान की ओर से मिर्जापुर में जनजातीय संग्रहालय का निर्माण कराया जायेगा। संग्रहालय के लिए जिला प्रशासन ने भूमि का चयन भी कर लिया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश में अभी 15 जनजातियां निवास कर रही हैं। इनकी विरासत को सहेजते हुए इसे आम लोगों तक पहुंचाने के लिए संग्रहालय का निर्माण होगा। संग्रहालय में जनजातीय समुदाय से जुड़े खानपान को बढ़ावा देने के लिए फूड कोर्ट का भी निर्माण कराया

जायेगा। यहां पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री होगी और इससे समुदाय को आर्थिक स्वावलंबन भी प्राप्त होगा। जनजातीय समुदाय के परंपरागत वाद्ययंत्र और क्रीड़ा उपकरण भी संग्रहालय में देखने को मिलेंगे। इस संग्रहालय से पर्यटक जनजातीय जीवन शैली के बारे में जान सकेगें। ये संग्रहालय आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा।

**********

पेरिस ओलम्पिक दो हजार चौबीस में आज भारतीय हॉकी टीम विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ सेमिफाइनल मुकाबले में उतरेगी। बिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में दस खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद भारतीय टीम ने मुकाबला जीता था। इससे टीम के हौसले बुलंद हैं और देशवासियों को भी हॉकी में ओलम्पिक पदक मिलने की उम्मीद है। उधर भारतीय धावक अविनाश साबले ने कल ओलम्पिक में पुरूषों की तीन हजार मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल आज खेला जायेगा।

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कल पेरिस ओलंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी किया है। पेरिस ओलम्पिक में भारत के खाते में अब तक तीन पदक आ चुके हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से ओलंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी किया जाना खेल और खिलाड़ियों के प्रति भारत के उत्साहऔर समर्थन का प्रतीक है।

**********

केंद्र सरकार ने कहा है कि सहारा इंडिया रियल एस्टेट कंपनी और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन में निवेश करने वाले सत्रह हजार दो सौ पचास दावेदारों को अब तक एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये लौटा दिए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।

**********

श्रावण मास में प्रदेश भर के सभी प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही है। अब तक इस माह के तीन सोमवार बीत चुके हैं और इन सभी सोमवार को शिव मंदिरों में सुबह से शाम तक दर्शन पूजन और जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की कतार लगी रही। सावन के तीसरे सोमवार को वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में जहां लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन–पूजन और जलाभिषेक किया तो वहीं गोरखपुर के शिव मंदिरों में भी भारी भीड़ देखी गयी। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***गोरखपुर जनपद में श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर मानसरोवर मंदिर, गोरखनाथ मंदिर, बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर व महादेव झारखंडी मंदिर के साथ–साथ पिपराइच स्थित बाबा मोटेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। सुबह 4 बजे से ही मंदिर के पुजारी द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना भोग आरती व श्रृंगार करने के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए। इसके बाद हर हर महादेव व बम बम भोले के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को दूध ,जल ,बेलपत्र ,घी ,भांग, धतूरा इत्यादि अर्पण कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न किया। इसके साथ ही कांवड़ियों द्वारा जनपद के बड़हलगंज से जल भरकर नाचते गाते सड़क मार्ग से पिपराइच पहुंचकर बाबा मोटेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया गया। भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना से पूरा माहौल भक्ति से शराबोर रहा। आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।***

**********

सीमावर्ती प्रदेशों में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। गंगा नदी फर्रूखाबाद, केन नदी बांदा, शारदा नदी लखीमपुर खीरी, घाघरा नदी बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे बह रही है। वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण पुलिस प्रशासन ने गंगा नदी में सभी बड़ी और छोटी नावों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

उधर, राज्य के पूर्वी जिलों में कल हल्की से मध्यम बारिश के बाद आज सुबह से ही आसमान में बादल छाये हुए हैं और कुछ जिलों में हल्की बारिश भी हो रही है। वहीं मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज और कल राज्य के पूर्वी और मध्य क्षेत्र में मध्यम से तेज वर्षा हो सकती है।

**********